मुख्यमंत्री की उपस्थिति में यूपीडा और भारत डायनामिक्स के बीच हुआ एमओयू पर हस्ताक्षर

# डिफेंस कॉरिडोर में बीडीएल करेगा 400 करोड़ का निवेश

राज्य मुख्यालय | **प्रमुख संवाददाता**

भारत सरकार का उपक्रम भारत डायनमिक्स लि. (बीडीएल) डिफेंस कारिडोर के झांसी नोड में 400 करोड़ रुपये के निवेश से रक्षा उपकरणों की निर्माण इकाई स्थापित करेगा। इस इकाई की स्थापना झांसी नोड में 250 हेक्टेयर भूमि में होगी। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी और भारत डायनामिक्स लि. के डायरेक्टर टेक्निकल एनपी दिवाकर ने एमओयू का आदान प्रदान किया।

**250** हेक्टेयर में स्थापित होगी ये रक्षा उपकरणों की इकाई

**65** कंपनियां डिफेंस कॉरिडोर में निवेश के लिए आईं

## इकाई का संचालन 2023 से शुरू होगा

बीडीएल के सीएमडी कामोडोर सिद्धार्थ मिश्रा (रिटायर्ड) ने राज्य सरकार द्वारा उद्योगों की स्थापना के लिए सरलीकृत नीतियां लागू किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बीडीएल की निर्माण इकाई का संचालन वर्ष 2023 से प्रारम्भ होगा।

**मिसाइल, अंडरवाटर हथियार के साथ एयरबार्न का निर्माण करता है बीडीएलः** एमओयू के तहत रक्षा मंत्रालय के तहत भारत सरकार के उपक्रम बीडीएल द्वारा उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर में एक निर्माण इकाई की स्थापना की जाएगी। प्रथम चरण के तहत इस निर्माण इकाई की स्थापना 250 हेक्टेयर भूमि में 400 करोड़ रुपये के निवेश से झांसी में की जाएगी। बीडीएल रक्षा के क्षेत्र में पब्लिक सेक्टर कम्पनी है। बीडीएल द्वारा आर्मड फोर्सेज के लिए मिसाइल और अंडरवाटर हथियारों के साथ ही एयरबार्न उत्पादों का निर्माण किया जाता है। अवनीश कुमार अवस्थी ने बीडीएल की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि उ.प्र. डिफेंस कारिडोर में इस निर्माण इकाई की स्थापना से कारिडोर में पूंजी निवेश व अवस्थापना सुविधाओं के विकास को बढ़ावा मिलेगा।